प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "लगभग 23 लाख रु0 के 102 खोये हुए मोबाइल फ़ोन को सर्विलांस के माध्यम से बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गये"

एक मोबाइल किसी के लिए बहुत कुछ और किसी के लिए सब कुछ हो सकता है, इसी उद्देश्य के साथ श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम के निकट पर्यवेक्षण में जनपदवासियों के गुम/खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय अवस्थित सर्विलांस/साइबर सेल की टीम द्वारा उ0नि0 रवि कुमार सिंह, प्रभारी सर्विलांस/साइबर सेल के नेतृत्व में निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में **102 अदद खोये हुए मोबाइल फोन** जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग **23 लाख रुपये /-** है, जिनकी बरामदगी की गई है, बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को बुलाकर आज दिनांक **13.09.2023** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में मोबाइल स्वामियों को बुलाया गया एवं उनको उनके मोबाइल सुपुर्द कर जनपदवासियों को उपहार दिया गया, अपने खोये हुए मोबाईल पाकर मोबाइल स्वामियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और महोबा पुलिस/सर्विलांश सेल द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये सह्रदय धन्यवाद दिया।

### खोये मोबाइल बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री रवि कुमार सिंह प्रभारी सर्विलांस/साइबर सेल महोबा
2.हे0कां0 शरत कुमार 3.हे0कां. भूपेन्द्र सिंह 4.कां0 अंशुल दुवे 5.कां0 दीपक वर्मा 6.कां. शैलेन्द्र प्रताप सिंह 7. कां. सत्यम सिंह 8. कां सुरजीत कुमार





उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 13.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपदीय साइबर सेल की पुलिस टीम ने थाना श्रीनगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण कर छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरुक, वितरित किये जागरुकता पम्पलेट्स-

## साइबर अपराध से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा की पहल पर चलाया जा रहा है- "ऑपरेशन ज्ञान कवच"-

बढते हुये साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा की पहल पर साइबर अपराध से बचाव हेतु अभियान **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** चलाया जा रहा है, ऑपरेशन ज्ञान कवच अभियान के तहत आज दिनांक 13.09.2023 को श्री रवि कुमार सिंह, प्रभारी साइबर/सर्विलांस सेल के नेतृत्व में जनपदीय साइबर सेल पुलिस टीम (मुख्य आरक्षी शरत कुमार, कां. शैलेन्द्र प्रताप सिंह व कां. सत्यम सिंह) द्वारा थाना कोतवाली महोबा क्षेत्रअन्तर्गत राजकीय मुकुंद लाल तिवारी इंटर कॉलेज महोबा में भ्रमण कर **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** अभियान के अन्तर्गत साइबर जगरुकता चौपाल का आयोजन कर विद्यालय के सम्बन्धित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर साइबर जागरुकता पम्पलेट्स वितरित की गई।

श्री रवि कुमार सिंह, प्रभारी साइबर/सर्विलांस सेल ने **"ऑपरेशन ज्ञान कवच"** अभियान के तहत साइबर अपराध से बचाव के तरीके में बताया कि किस तरीके से साइबर ठग एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड/यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी/ईनाम, शॉपिंग ऐप्स, गूगल सर्च में थोडी सी चूक पर गलत वेबसाइट में क्लिक हो जाने, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर भेजे गये लिंक के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं में आजकल ट्रैंडिंग में चल रहे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट,शेयरचैट व व्हाट्सएप से संबंधित होने वाले विभिन्न अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी इनके बचाव के तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व पास-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध के तरीकों व इनसे बचाव के तरीकों के संबंध में जागरूक करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को बढ रहे साइबर अपराध से बचाया जा सके।

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड होता है तो तुरंत www.cybercrime.gov.in/ साइबर सेल /संबंधित थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि शीघ्र कार्यवाही कर आपकी मदद की जा सके।

## जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति-वस्तु व वाहनों की, की गयी सघन चेकिंग, पैदल गस्त के दौरान आमजन व व्यापारियों से संवाद कर सुरक्षा का दिलाया गया भरोसा।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री सत्यम के निकट के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 13.09.2023 को जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा महिला सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष/ चौकी प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं कालीन पैदल गश्त की जा रही है ।

पैदल गश्त के दौरान जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई तथा अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों, दुकानदारों एवं अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़ा करने वाले लोगों से वार्ता कर शासन की मंशानुरुप उन्हें व्यवस्थित तरीका अपनाने के लिए दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश व आमजन को आश्वस्त कराया गया कि जनपद महोबा पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। संवेदनशील स्थानों में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग की गई साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन में वाहनों के ई-चालान किये गये।




